**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## पशुपालकों एवं वैज्ञानिकों के बीच समूह चर्चा आयोजित

पंतनगर। 08 अगस्त 2022। विश्वविद्यालय में केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान–भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली, मेरठ द्वारा वित्त पोषित अखिल भारतीय पशु शोध समन्वित परियोजना–फ्रिजवाल व केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान, मेरठ एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, अटारीजोन, नवां, जबलपुर के संयुक्त समन्वय में ग्राम झुक्का फार्म (सितारगंज) एवं ग्राम हरसुनगला (खमरिया) पशुपालकों एवं वैज्ञानिकों के बीच समूह चर्चा का आयोजन किया गया। इस समूह चर्चा का उद्घाटन, डा. सी.बी. सिंह, परियोजना अधिकारी, अखिल भारतीय पशु शोध समन्वित परियोजना–फ्रिजवाल, पशुचिकित्सा महाविद्यालय, पंतनगर द्वारा किया गया। परियोजना अधिकारी द्वारा सभी पशुपालकों एवं परियोजना टीम के सदस्यों के उत्साहवर्धन के साथ–साथ पशु प्रबन्धन के मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डाला।

समूह चर्चा में पशुपालन के सभी तकनीकी पहलुओं पर चर्चा की गयी एवं पशुपालकों द्वारा बताई गई समस्याओं के समाधान के साथ–साथ परियोजना टीम के सदस्यों एवं वैज्ञानिकों द्वारा पशुपालकों को सम्बोधित करते हुए पशुपालन के सभी तकनीकी आयामों को अपना कर उन्नत पशुपालन करने के लिए पशुपालकों का आह्वान किया गया। समूह चर्चा में परियोजना टीम के सदस्य डा. शिव प्रसाद, ब्रजेश सिंह, केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान मेरठ से डा. सुशील कुमार, डा. ए. के. दास एवं जबलपुर से डा. डी. बर्धन द्वारा भाग लिया गया। समूह चर्चा में पशुपालकों का पंजीकरण श्री शिवांशु तिवारी व कुमारी अराधना फुलार एवं धन्यवाद प्रस्ताव डा. ब्रजेश सिंह द्वारा किया गया। समूह चर्चा में कुल 76 पशुपालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

*पशुपालकों के साथ पशुओं पर चर्चा करते वैज्ञानिक।*